This question paper contains 8 printed pages]

132-N

B.A. (Part-III) Examination, 2020

(For Non-Collegiate Candidates)

हिंदी साहित्य

Paper I

(हिंदी काव्य-3)

(आधुनिक हिंदी कविता)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

इस प्रश्नपत्र में तीन खण्ड हैं :

खण्ड 'अ' ***Max. Marks-10***

*इस खण्ड में **एक** अनिवार्य प्रश्न है जिसमें **10** भाग हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग **20** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

खण्ड 'ब' ***Max. Marks-50***

*इस खण्ड में **10** प्रश्न अथवा व्याख्या हैं। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न या व्याख्या का चयन करते हुए, कुल **5** प्रश्नों अथवा व्याख्याओं के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न अथवा व्याख्या का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों अथवा व्याख्याओं के अंक समान हैं।*

https://www.uokonline.com

खण्ड 'स' ***Max. Marks-40***

*इस खण्ड में **4** प्रश्न हैं, प्रश्नों के उपभाग हो सकते हैं। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम **एक** प्रश्न होगा। कुल **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

खण्ड-अ

1. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है : 10

(i) पाठ्यक्रम में संकलित 'विधृता' काव्यांश मैथिलीशरण गुप्त की किस कृति से लिया गया है ?

(ii) छायावाद का प्रवर्तक कवि कौन है ?

(iii) 'स्नेह निर्झर बह गया' कविता का मूल भाव लिखिए।

(iv) 'द्रुत झरो' कविता पंतजी के किस काव्य संकलन में संकलित है ?

(v) ''कौन तुम मेरे हृदय में' गीत का भाव स्पष्ट कीजिए।

(vi) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है ?

(vii) 'भूरी-भूरी खाक धूल' काव्य-संग्रह के रचयिता का नाम लिखिए।

https://www.uokonline.com

(viii) 'असाध्य वीणा' कविता के लेखक का नाम क्या है ?

(ix) 'मैंने इंतजार किया-अब कोई बच्चा भूखा रहकर स्कूल नहीं जायेगा' पंक्तियाँ किस कविता से ली गयी हैं ?

(x) रघुवीर सहाय की दो रचनाओं के नाम लिखिये।

खण्ड-ब

इकाई-I

2. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

नाविक ! इस सूने तट पर
किन लहरों में खे लाया
इस बीहड़ वेला में क्या
अब तक था कोई आया
उस पार कहाँ फिर जाऊँ
तम के मलीन अंचल में
जीवन का लोभ नहीं,
वह वेदना छद्म छल में।

अथवा

3. देखते देखा मुझे तो एक बार 10

उस भवन की ओर देखा, छिन्नतार,
देखकर कोई नहीं
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोयी नहीं,
सजा सहज सितार
सुनी मैंने वह नहीं जो थी सुनी झंकार
एक क्षण के बाद वह काँपी सुघर,
ढुलक माथे से गिरे सीकर
लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा–
'मैं तोड़ती पत्थर'।

https://www.uokonline.com

https://www.uokonline.com

इकाई-II

4. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

मधुर-मधुर मेरे दीपक जल !
युग युग प्रतिदिन, प्रतिक्षण, प्रतिपल,
प्रियतम का पथ आलोकित कर !
सौरभ फैला विपुल धूप बन
मृदुल मोम सा घुल रे मृदु तन,
दे प्रकाश का सिंधु अपरिमित
तेरे जीवन का अणु गल गल !
पुलक पुलक मेरे दीपक जल !

अथवा

5. सत्य को लकवा मार गया है 10

वह लम्बे काठ की तरह
पड़ा रहता है सारा दिन, सारी रात
वह फटी-फटी आँखों से
टुकुर टुकुर ताकता रहता है सारा दिन, सारी रात
कोई भी सामने से आए-जाए
सत्य की सूनी निगाहों में जरा भी फर्क नहीं पड़ता
पथराई नज़रों से वह यों ही देखता रहेगा
सारा-सारा दिन, सारी-सारी रात
सत्य को लकवा मार गया है।

https://www.uokonline.com

इकाई-III

6. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

शहर के उस ओर खँडहर की तरफ़
परित्यक्त सूनी बावड़ी
के भीतरी
ठण्डे अँधेरे में
बसी गहराइयाँ जल की .....
सीढ़ियाँ डूबी अनेकों
उस पुराने घिरे पानी में .....
समझ में आ न सकता हो
कि जैसे बात का आधार
लेकिन बात गहरी हो।

अथवा

10

7. राजनीति

अध्यापक याद करो किसके आदमी हो तुम
याद करो विद्यार्थी तुम्हें आदमी से
एक दर्जा नीचे
किसका आदमी बनना है—दर्द ?
दर्द, खैराती अस्पताल में डाक्टर ने कहा—
यह मेरा काम नहीं वह मुसद्दी का है
वही भेजता है मुझे लिखकर इसे अच्छा करो
जो तुम बीमार हो तुमने उसे खुश नहीं किया होगा
अब तुम बीमार हो तो उसे खुश करो
कुछ करो।

https://www.uokonline.com

इकाई-IV

8. साठोत्तरी कविता की प्रमुख विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। 10

अथवा

9. प्रगतिवाद को परिभाषित करते हुए प्रमुख प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए। 10

इकाई-V

10. मार्क्सवाद की साहित्यिक प्रवृत्तियाँ लिखिए। 10

अथवा

11. 'अस्तित्ववाद' किसे कहते हैं ? स्पष्ट करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 10

खण्ड-स

12. ''गुप्तजी भारतीय संस्कृति के मुखर गायक हैं।'' पठित कविताओं से उदाहरण देते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए। 20

13. ''पंतजी प्रकृति के सुकुमार कवि हैं।'' इस कथन के आलोक में पंतजी के प्रकृति-चित्रण की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 20

14. अज्ञेय नयी कविता के प्रतिनिधि कवि हैं, स्पष्ट करते हुए उनकी काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। 20

15. 'भारतेन्दुकालीन साहित्य की प्रमुख काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 20

https://www.uokonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.uokonline.com
https://www.uokonline.com
https://www.uokonline.com
https://www.uokonline.com